प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.10.2018

श्री वीरेन्द्र कुमार, (आई.आर.एस.एम.ई, 1981 बैच), वर्तमान महानिदेशक, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के नये महाप्रबंधक का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। श्री वीरेन्द्र कुमार इससे पहले रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य/यांत्रिक इंजीनियरिंग के रूप में कार्यरत थे। श्री कुमार इससे पूर्व भारतीय रेलवे के कई महत्वपूर्ण पदों पर अपना योगदान कर चुके है, जिसमें अतिरिक्त महाप्रबंधक, दक्षिण–पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर, मंडल रेलवे प्रबंधक, अलीपुरद्वार, उत्तर–पूर्व सीमांत रेलवे, मुख्य कार्यशाला इंजीनियर, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के पद उल्लेखनीय है ।